## कमिश्नर वाणिज्यकर,उत्तर प्रदेश

उपस्थिति :- श्री सुनील कुमार ,कमिश्नर ,वाणिज्य कर,उ0प्र0

प्रार्थी :- सर्वश्री ऊषा इन्टरनेशनल लि0 , शाहनजफ रोड,लखनऊ ।

प्रार्थना पत्र सं0 :- 42/ 2008

प्रार्थी की ओर से :- श्री विमल श्रीवास्तव, कामर्शियल आफिसर ।

### उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 की धारा-59 के अन्तर्गत निर्णय

1- सर्वश्री ऊषा इन्टरनेशनल लि0 , शाहनजफ रोड,लखनऊ के द्वारा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 की धारा-59 के अन्तर्गत दिनांक 06-02-2008 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया । प्रार्थना पत्र में निम्नलिखित प्रश्न निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया है :-

**'' डीजल इंजन, डीजल इंजन चलित पम्पिग सेटस व केरोसिन पम्पिग सेटस पर कर की दर क्या होगी ? ''**

2- धारा-59 के प्रार्थना पत्र पर मुख्यालय के पत्र संख्या- 749 दिनांक 11-02-2008 से एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,वाणिज्य कर,लखनऊ जोन लखनऊ से आख्या मॉगी गई जो सुनवाई के समय तक प्राप्त नहीं हुयी है।

3- धारा-59 के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु नियत तिथि 18-02-2008 को श्री विमल श्रीवास्तव, कामर्शियल आफिसर उपस्थित हुए । उन्होनें तर्क किया कि उनकी फर्म में डीजल इंजन, डीजल इंजन चलित पम्पिग सेटस व केरोसिन पम्पिग सेटस व उनके पार्टस की खरीद ,बिक्री का कार्य होता है। यह भी तर्क किया कि उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 के अन्तर्गत जारी विज्ञप्ति संख्या -केएनआई-2-3121/X1-9(197)-07-यू0पी0 अध्या0-37-2007-आर्डर-(14) दिनांक 24-12-2007 की अनुसूची -2 के भाग -क के क्रमांक -26 के अनुसार मशीनरी आदि पर कर की दर 4% है तथा उनकी वस्तुयें मशीनरी की श्रेणी में आनी चाहिए।

4- मैनें प्रार्थी के तर्को को सुना तथा अभिलेखो का अवलोकन किया । जहॉ तक उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 के अन्तर्गत जारी विज्ञप्ति संख्या -केएनआई-2-3121/X1-9(197)-07-यू0पी0 अध्या0-37-2007-आर्डर-(14) दिनांक 24-12-2007 की अनुसूची -2 के भाग -क के क्रमांक -26 की प्रविष्टि का सम्बन्ध है । यह निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| **क्रमांक 26** | Machinery, equipment, apparatus, tools, moulds, dies and component spare parts, accessories thereof, **earth movers** |

डीजल इंजन तथा डीजल इंजन चलित पम्पिग सेटस एवं केरोसिन पम्पिग सेटस यह सभी वस्तुयें मशीनरी की श्रेणी में आती है । डिक्शनरी के अनुसार मशीनरी की परिभाषा निम्न है:-

Machinery A group of parts arranged to perform a useful function. Normally some of the parts are capable of motion; others are stationary and provide a frame for the moving parts. The terms machine and machinery are so closely related as to be almost synonymous; however, machinery has a plural implication, suggesting more than one machine. Common examples of machinery include automobiles, clothes washers, and airplanes; machinery differs greatly in number of parts and complexity.

इस प्रकार मशीनरी की प्रविष्टि ,जो कि बहुत विस्तृत है के अन्तर्गत यह सभी वस्तुयें आ जायेगी । अत: डीजल इंजन तथा डीजल इंजन चलित पम्पिग सेटस एवं केरोसिन पम्पिग सेटस पर कर की दर मशीनरी की भांति उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 के अन्तर्गत जारी विज्ञप्ति संख्या -केएनआई-2-3121/X1-9(197)-07-यू0पी0 अध्या0-37-2007-आर्डर-(14) दिनांक 24-12-2007 की अनुसूची -2 के भाग -क के क्रमांक -26 के अनुसार 4% होगी।

5- प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत धारा-59 के प्रार्थना पत्र में उल्लिखित प्रश्न का उत्तर उपरोक्तानुसार दिया जाता है

6- इस निर्णय की एक प्रति प्रार्थी को तथा एक प्रति सम्बन्धित कर-निर्धारक अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाय।

दिनांक :: 18, फरवरी ,2008

ह0 18-2-08

(सुनील कुमार)
कमिश्नर वाणिज्य कर ,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com